## सार-समाचार

### कार्ययोजना बैठक

**करौली, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी की पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला महाभियान-2026 की जिला कार्ययोजना बैठक भंवर विलास मैरिज गार्डन में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम के साथ हुआ तथा भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर सत्र प्रारंभ किया गया। बैठक की शुरुआत वर्ग गीत के साथ हुई। मंच पर प्रदेश पदाधिकारी एवं करौली जिले के संगठन प्रभारी नारायण लाल मीणा, जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन, करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक रमेश चंद मीणा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ब्रजलाल डिकोलीया, प्रदेश एसटी मोर्चा पदाधिकारी शेर सिंह मीणा, लोकसभा प्रत्याशी इंदू देवी, धर्मा डागूर, पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा, हेमेंद्र वशिष्ठ, महेंद्र मीणा, शिव कुमार सैनी, प्रहलाद सिंहल, रमेश राजोरिया, तेज सिंह जमालपुर, महामंत्री दिलीप गुप्ता एवं सुरेश शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि सभी मंडलों में प्रशिक्षण कार्यशालाएं 7 मार्च से 14 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक मंडल में टोली का गठन कर कार्य विभाजन किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर की कुल अवधि 24 घंटे होगी, जिसमें सात सत्र आयोजित होंगे। उद्घाटन और समापन सत्र के अतिरिक्त अन्य सत्रों में केवल दो कार्यकर्ता मंच पर रहेंगे- एक विषय प्रस्तुत करने वाला और दूसरा सत्र की अध्यक्षता करने वाला। प्रशिक्षण शिविर में शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल कार्यकारिणी, मंडल मोर्चा के अध्यक्ष व महामंत्री, जिला व प्रदेश पदाधिकारी तथा मंडल क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। रात्रि विश्राम प्रशिक्षण स्थल पर ही रहेगा। सत्रों में वैचारिक अधिष्ठान, भाजपा का इतिहास एवं विकास, कार्य विस्तार की दृष्टि, कार्यपद्धित, केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां, सोशल मीडिया, एआई, नमो एप, सरल एप, बूथ प्रबंधन तथा व्यवहारिक प्रशिक्षण जैसे विषय शामिल रहेंगे। कार्यक्रम का समापन जन गण मन के साथ किया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, अजय पाल, गोपाल सिंह, पुष्पेंद्र बंसल, अमित पारीक, शिवूराम मीणा, चंद्रकला मीणा, जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री, जिला मंत्री पुष्पेंद्र सैनी, मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, गीता देवी, आरती बैंसला सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### यूजीसी कानून के विरोध में बैठक

**करौली, (निसं)।** यूजीसी कानून के विरोध में अग्रवाल सेवा सदन, पुरानी अनाज मंडी में सामान्य समाज के प्रबुद्धजनों की बैठक यूजीसी विरोधी संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट उधो सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वक्ताओं ने यूजीसी कानून को सामान्य वर्ग के हितों के विरुद्ध बताते हुए इसके विरोध में चरणबद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया। समिति के संयोजक योगेंद्र सिंघल और सह-संयोजक नरेश सिंह बिनेगा ने बताया कि यह कानून सामाजिक समरसता को प्रभावित कर सकता है और समाज में वर्ग संघर्ष की स्थिति उत्पन्न कर सकता है। बैठक में अग्रवाल समाज के जिला अध्यक्ष मूलचंद अग्रवाल, नगर अध्यक्ष श्यामलाल बजाज, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मदन मोहन पचौरी, डॉ. देव कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, अभय कुमार शास्त्री और गोविंद सराफ सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। निर्णय लिया गया कि 13 मार्च को शाम 5:30 बजे पुरानी नगरपालिका से फूटा कोट, सदर बाजार, बड़ा बाजार और वजीरपुर गेट होते हुए पुरानी कलेक्ट्रेट तक मौन जुलूस निकाला जाएगा, जहां आदेशों की प्रतीकात्मक होली जलाई जाएगी।

### एमसीएचएन सत्रों का आयोजन

**करौली, (निसं)।** जिलेभर में मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत एमसीएचएन सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीकाकरण के साथ पोषण संबंधी जानकारी दी गई। सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीना ने आंगनबाड़ी केंद्र पालनपुर प्रथम में आयोजित सत्र का निरीक्षण कर जानकारी ओडीके ऐप पर दर्ज की। इसके साथ ही पीएचसी कोटरी का निरीक्षण किया, जहां स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने बताया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक गुरुवार को एमसीएचएन सत्र आयोजित किए जाते हैं, जिनमें ड्यू लिस्ट के अनुसार गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीकाकरण किया जाता है। सीएमएचओ ने एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को सत्र के दौरान यूनिफॉर्म में रहने तथा लाभार्थियों को समय पर सूचना देकर टीकाकरण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीना ने सायपुर और परिता में आयोजित सत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष पांडे और डीपीसी-आईईसी लखन सिंह लोधा ने टीकाकरण संबंधी आईईसी गतिविधियों की जानकारी दी।

### महंगाई के विरोध में धरना-प्रदर्शन आज

**करौली, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस के दाम बढ़ाने और बढ़ती महंगाई के विरोध में 13 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट के सामने कांठोस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन करेंगे। जिला कांठोस कमेटी अध्यक्ष एवं टोडाभीम विधायक घनश्याम मैहर ने जिले के सभी पदाधिकारी, सांसद, विधायक, पार्षद, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, अठिाम संगठनों के पदाधिकारी, प्रकोष्ठ अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आमजन महंगाई से परेशान है। ऐसे में कांठोस कार्यकर्ता आम जनता की आवाज बुलंद करने के लिए कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन करेंगे।

### गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**करौली, (निसं)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ कथित दुर्व्यवहार की घटना के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर के माध्यम से देश के गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के प्रति किया गया व्यवहार अत्यंत निंदनीय है। यह केवल राष्ट्रपति पद ही नहीं बल्कि पूरे आदिवासी समाज के सम्मान पर प्रहार है। इस अवसर पर भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी रहीं इंदू देवी, जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा (योगी), पुष्पेंद्र बंसल, अजयपाल, पुष्पेंद्र सैनी, जितेंद्र सिंह पिचानौत, आशीष जैन, धनसिंह चौहान, कपिलदेव पारसर, खेम सिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत कल

**करौली, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली की अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश माधवी दिनकर के निर्देशन में 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत जिले के सभी न्यायिक न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों, जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग तथा श्रम विभाग में आयोजित होगी। इसमें लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा। लोक अदालत में निस्तारित मामलों में जमा न्याय शुल्क की वापसी का भी प्रावधान है तथा ऐसे मामलों में अपील का प्रावधान नहीं रहता, जिससे विवाद का अंतिम समाधान हो जाता है। प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे अपने प्रकरण लोक अदालत में प्रस्तुत कर आपसी समझौते से उनका शीघ्र निस्तारण कराएं।

### प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**करौली, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंठोजी माध्यम करौली में शैक्षिणक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सीताबाई मीणा ने बताया कि कक्षा नर्सरी की सभी सीटों के साथ-साथ एलकेजी से कक्षा 12 तक रिक्त सीटों के लिए 14 मार्च से 23 मार्च 2026 तक आवेदन किए जा सकेंगे। आवेदन क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा 11 और 12 में गणित एवं विज्ञान संकाय संचालित हैं। प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी के लिए विद्यालय के प्रवेश प्रभारी मुकेश कुमार शर्मा (व्याख्याता) से मोबाइल नंबर 9166822862 पर संपर्क किया जा सकता है।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

**भरतपुर, (निसं)।** स्वास्थ्य मंदिर आश्रम महाराजसर पर महिला सेवा इकाई के तत्वाधान में सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन संम्पन किया गया। महिला सेवा इकाई की अध्यक्ष प्रभागुप्ता ने बताया कि सम्मेलन में साथ गरीब व जरूरतमंद कन्याओं का विवाह स्वास्थ्य मंदिर और उनके भामाशाहों के सहयोग से पूरा किया गया जिसमें एक बेटी को सभी जरूरत का सामान जैसे अलमारी, बेड, रसोई के बर्तन, कूलर, प्रेस, मिक्सी, कुकर, कपडे, साड़ियां सिलाई की मशीन, नाक की सोने की बाली बिछिया पायल अंगूठी इत्यादि उपहार स्वरूप प्रदान किए गए।

# एसीबीईओ ने वजीरपुर मूल्यांकन केन्द्र का किया निरीक्षण

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** जिला अकादमिक समूह सवाई माधोपुर के निर्देश पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (एसीबीईओ) हनुमान गोयल ने गुरुवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वजीरपुर स्थित कक्षा 5 व 8 के मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा व्यवस्था, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन और नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों का जायजा लिया। केंद्र प्रभारी ने एसीबीईओ को बताया कि कक्षा 5 व 8 का मूल्यांकन कार्य सुचारु रूप से चल रहा है और इसे निर्धारित समय सीमा में पूरा कर

- परीक्षा व्यवस्था, मूल्यांकन और नए सत्र की तैयारियों के निर्देश दिए
- नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों पर भी जोर



मूल्यांकन केन्द्र का निरिक्षण करते एबीबीईओ।

लिया जाएगा। गोयल ने संबंधित परीक्षकों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, कक्षा 6 व 7 की स्थानीय परीक्षाओं की व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया, जो व्यवस्थित पाई गईं। इसके अतिरिक्त, महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वजीरपुर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मीना बड़ौदा और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहचा में संचालित राज्य स्तरीय समान वार्षिक परीक्षा की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया।

संस्था प्रधानों को प्रश्न पत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने और प्रश्न पत्र खोलते समय विषय व कक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। परीक्षा परिणाम समय पर जारी करने के लिए, परीक्षा समाप्त होने के तुरंत बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर अंक ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए। एसीबीईओ ने 1 अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों पर भी जोर दिया। उन्होंने सर्वे कार्य की योजना बनाकर अनामांकित व ड्रॉपआउट बच्चों का शशिक्षक ऐपश के माध्यम से सर्वे कर जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए। प्रवेशोत्सव की तैयारियों को लेकर शिक्षकों को वार्डवार सर्वे कर प्रत्येक घर तक पहुंचने तथा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार सभी चरण समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने को कहा गया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ला जनेदपुर में शौचालय मरम्मत के लिए ग्राम विकास अधिकारी से समन्वय करने तथा विद्यार्थियों को नियमित गृहकार्य देने व उसकी जांच करने के निर्देश दिए गए। विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं की भी जांच कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

# सरपंच कुमुम सिंह महिला बीकन लीडर राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित

**भरतपुर, (निसं)।** नई दिल्ली के अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के अंतर्गत पंचायतों की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में आदर्श ग्राम पंचायत रारह (जिला डीग, राजस्थान) की सरपंच कुसुम सिंह को महिला बीकन लीडर राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री राजीव रंजन सिंह, राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अवार्ड दिया गया।



नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में सरपंच को मिला सम्मान।

राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर से लगभग 700 महिल सरपंचों एवं महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्धेश्य पंचायतों में महिला नेतृत्व को सशक्त बनाना, उनके अनुभवों का आदान-प्रदान कराना तथा ठाामीण विकास और सुशासन मे महिलाओं की भूमिका को और मजबूत बनाना है। सम्मेलन के दौरान पंचायत स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला जनप्रतिनिधियों में से देश के प्रत्येक राज्य से एक-एक महिला बीकन लीडर का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में राजस्थान राज्य में एकमात्र आदर्श ग्राम पंचायत रारह की सरपंच कुसुम सिंह को यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ। कुसुम सिंह को यह सम्मान ठााम पंचायत स्तर पर प्रभावी नेतृत्व, महिला सशक्तिकारण के प्रयास, जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, सामाजिक समरसता को बढ़ावा दने तथा ग्राम पंचायत रारह को महिला हितैषी ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने के लिए किए गए उललेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया।

## यूडी टैक्स व तोड़फोड़ के विरोध में बैठक आज

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर जिला व्यापार महासंघ ने की आमजन व व्यापारियों से अपील की कि 13 मार्च को दोपहर 2 बजे कृष्णा पैलेस, (शिवा टाकीज) सहयोग नगर भरतपुर पर होने वाली मीटिंग में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचे। जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता द्वारा अपील करते हुए कहा गया कि जो भी शहरवासी गलत तथ्यों के आधार पर यू.डी. टैक्स की अवैध वसूली एवं विकास के नाम पर हो रही नाजायज तोडफोड के खिलाफ में अपना विरोध दर्ज कराना चाहते हैं उन सभी के लिए ये एक विशाल मीटिंग रखी गई है जिसमें सभी पीडितों को मीटिंग के लिए आमंत्रित किया जाता है। सभी की समस्यायें लगभग एक जैसी हैं कहीं कोई सुनवाई नहीं है, सरकारी महकमों के चक्कर लगा-लगाकर सिर्फ हताशा व निराशा ही हाथ लगी है। अधिकारी सुनवाई के लिए तैयार नहीं है, कोई भी जननेता साथ निभाने का प्रयास भी नहीं कर रहा है, ऐसे में अति आवश्यक होने पर व्यापार महासंघ ने बीडा उठाया है।

## प्रतियोगिताएं आयोजित

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला स्वच्छता नेतृत्व एवं स्वयं सहायता समूहों से संबंधित गतिविधियों के आयोजन के संबंध में राजकीय कन्या महाविद्यालय उच्चौन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस विशेष थीम 'नारी लीड स्वच्छता' अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली ,निबंध एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें 49 छात्राओं ने भाग लिया।

# भगवान आदिनाथ का मनाया जन्मकल्याणक महोत्सव

**भुसावर/भरतपुर, (निसं)।** आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर पर मुनि युधिष्ठिर सागर के सानिध्य मे आज गुरुवार भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव एवं महामस्ताकभिषेक महोत्स्व विभिन्न धार्मिक आयोजणो के साथ किया गया।

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) की जयंती (जन्म कल्याणक महोत्सव) श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सुबह से ही जैन मंदिर में अभिषेक, भक्तांबर पाठ, और भव्य पालकी/शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमे श्रद्धालुओ ने विशेष पूजा-अर्चना के साथ भगवान की स्तुति कर रहे हैं। इस दिन मंदिर परिसर पर सुबह से धार्मिक कार्यक्रमो का आगाज हुआ जो देर शाम तक जारी रहा। इस दिन भगवान आदिनाथ प्रतिमा को पालिकी मे सवार कर कलश यात्रा कस्बा के मुख्य मार्गो से होकर निकाली गई। महामस्ताकभिषेक के साथ श्री भक्तामर अनुष्ठान 48 मण्डलों पर 2304 दीपों एवं ऋद्धि मंत्रों से प्रस्तुति जयपुर के श्री 108 विद्यासागर यात्रा संघ द्वारा की। इसके अलावा भजन, प्रवचन आदि कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष विमल चंद जैन, अनूप चंद जैन, खेम चंद जैन, अशोक सेवक, राजेश जैन, शेखर जैन, जितेंद्र जैन, राकेश जैन, शैलेश, उषा जैन, अंजू, सीमा लवली आदि मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर ने अटल जन सेवा शिविर में सुनी जनसमस्याएं

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** गुरुवार को अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर कानाराम ने पंचायत समिति के भारत निर्माण केंद्र में जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी तथा संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए।

शिविर में पट्टा जारी करवाने, नाली का लेवल ठीक करवाने, खाली भूखंडों

- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित करीब 40 परिवाद प्राप्त हुए




जन सुनवाई करते जिला कलेक्टर।

से कचरा हटवाने, क्षतिग्रस्त सड़क सही करवाने, सैनिक नगर में नालियों की सफाई, आम रास्ते से अतिक्रमण हटवाने, कचरा संग्रहण वाहन नहीं आने, जनाधार से नाम हटवाने, जनाधार-आधार सीडिंग, नया राशन कार्ड बनवाने और पेंशन स्वीकृति जैसे विभिन्न मामले प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रास्तों पर अतिक्रमण की शिकायत पर तहसीलदार को मौके पर निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विभाग अपने कार्यालय में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक अनिवार्य रूप से जनसुनवाई आयोजित करे। इसका उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही त्वरित समाधान करना है।उन्होंने यह भी कहा कि त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के अंतर्गत प्राप्त सभी परिवादों को पहले ऑनलाइन अपलोड किया जाए, जिससे समाधान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। साथ ही समाधान के बाद परिवादी से संवाद कर उसकी संतुष्टि की पुष्टि भी की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक परिवादी का मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज किया जाए, ताकि समस्या के समाधान के बाद उसे व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जा सके।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित करीब 40 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व, पंचायती राज, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सहित अन्य विभागों के प्रकरण शामिल रहे। वार्ड नंबर 37 के पार्षद पदम जोशी के नेतृत्व में वार्ड में बीच सडक पर लगी बिजली की डीपी हटवा कर शिफट करवाने एवं सीवरेज कार्य के दौरान खोदी गई सडक को पुनः बनवाने की मांग की गई जिस पर जिला कलेक्टर ने संबंधित विभाग को पाबंद करते शीघ्र समस्या समाधान के निर्देश दे कर पालना रिर्पोट पेश करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने कहा कि सभी शिकायतों का संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण के साथ समाधान किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि आगामी जनसुनवाई में उन्हीं प्रकरणों की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान एडीएम गंगापुर सिटी सुदर्शन सिंह, एसडीएम बृजेंद्र मीणा, विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर, सीएमएचओ डॉ. अनिल जैमिनी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, आयोजना अधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में परिवादी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### जल बचत अभियान पर विचार गोष्ठी

**भुसावर, (निसं)।** कृषि महाविद्यालय भुसावर पर जल बचत अभियान के तहत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि पानी बचाने की भारतीय विरासत समृद्ध हैं, भारतीय परंपरा में पानी की एक-एक बूंद का हिसाब ईश्वर को देना पड़ता है तथा पानी का व्यर्थ उपयोग पाप माना गया है। लेकिन पानी बचाने की परंपरा को नजर लग गई। विशेषतः ट्यूबवेल से बिजली मोटर अथवा इंजन द्वारा जमीन से पानी निकालना और हर घर नल पहुंचने के बाद जल का दुरुपयोग ज्यादा हुआ है। जलदाय विभाग के आंकडों के मुताबिक 100 लीटर वार्षिक वर्षा के विरुद्ध हम 162 लीटर पानी खर्च कर रहे हैं, इसलिए भूगर्भ जल की स्थिति दिनों-दिन भयाभय होती जा रही है। राजस्थान के हनुमानगढ़, बांसवाड़ा व डूंगरपुर जिलों को छोडकर सभी जिले भूगर्भ जल के ब्लैक जोन में है। राजस्थान पूरे देश के कुल क्षेत्रफल का 10.4 प्रतिशत भाग है और 5.5 प्रतिशत आबादी है, जबकि जल 1.15 प्रतिशत ही है। डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि गर्मियों में जल संकट बढ़ जाता है तथा पीने के पानी की किल्लत हो जाती है। जल भंडार कम होने से पानी की नियमित आपूर्ति प्रभावित होती है। अतः हमें जल के व्यर्थ उपयोग से बचना चाहिए। जल के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए उपभोक्ताओं को शिक्षित करना और व्यापक जागरूकता पैदा करना आवश्यक है। जल बचाने के लिए दैनिक आदतों में बदलाव आवश्यक है। बुरश, शेविंग या हाथ धोते समय नल लगातार खुला ना रखें। टपकते नलों की मरम्मत तुरंत करवाये तथा नलों में टोंटी लगाये। नहाने व कार धोने में शावर के बजाय बाल्टी और मग का प्रयोग करें। टॉयलेट में ड्यूल फ्लैश सिस्टम लगाए ताकि जरूरत के अनुसार कम या ज्यादा पानी इस्तेमाल हो सके। सब्जियां धोने के बाद बचे हुए पानी को पौधों में डालें। खेती में ड्रिप सिंचाई पद्धित का प्रयोग करना समय की आवश्यकता है। उच्च तकनीक खेती से कम पानी में ज्यादा उत्पादन मिलता है। हम हर स्तर पर पानी की बर्बादी रोकें व दूसरों को भी इसके महत्व के बारे में बतायें। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### शिक्षक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी गठित

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** इंडियन नैशनल कांग्रेस के शिक्षक प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी बुधवार को सवाई माधोपुर में घोषित की गई। अभिमन्यु सिंह भादौरिया (प्रदेश अध्यक्ष, शिक्षक प्रकोष्ठ) की स्वीकृति के बाद जिला कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ सवाई माधोपुर के जिलाध्यक्ष डॉ. रामखिलाड़ी मीणा ने नई कार्यकारिणी की सूची जारी की।जारी सूची के अनुसार रामकिशोर मीना को जिला संगठन महासचिव नियुक्त किया गया है। वहीं हरिशंकर तिलकर, गिर्राज प्रसाद मीणा, हरकेश गुर्जर, रामकिशोर मीना, कमल कुमार मीणा और कैलाश चंद मीणा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा मदनलाल मीना को सचिव तथा कमलेश मीना को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ब्लॉक स्तर पर भी पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसके तहत अमरचंद बैरवा को ब्लॉक अध्यक्ष सवाई माधोपुर शहर, लियाकत अहमद को ब्लॉक अध्यक्ष सवाई माधोपुर ग्रामीण, मुंशीलाल को ब्लॉक अध्यक्ष गंगापुर सिटी, बृजमोहन मीणा को ब्लॉक अध्यक्ष बजीरपुर, हेमराज मीणा को ब्लॉक अध्यक्ष बामनवास, देवेंद्र गुप्ता को ब्लॉक अध्यक्ष चौथ का बरवाड़ा तथा गजानंद चौधरी को ब्लॉक अध्यक्ष खंडार नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ डॉ. रामखिलाड़ी मीना ने बताया कि इंद्रा मीणा (जिला कांग्रेस अध्यक्ष सवाई माधोपुर) से समन्वय के बाद बोली ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। उन्होंने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों से कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा के अनुरूप कार्य करने का आग्रह किया।

### टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम एक जिला एक खेल एवं पंच गौरव कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग ब्लॉक हिंडौन की दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार से उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, हिंडौन सिटी में किया जाएगा। प्रतियोगिता की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है और आयोजन को लेकर खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों में उत्साह देखा जा रहा है। ब्लॉक खेल प्रभारी हरीश पाठक एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह शुक्रवार प्रातः 8:30 बजे उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर हिंडौन सिटी के टाउन हॉल में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंडौन की पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव उपस्थित रहेंगी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सिंह सोलंकी करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता 13 से 14 मार्च तक दो दिनों तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीमों का पंजीकरण 12 मार्च तक किया जा चुका है। इस प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग की 4 टीमें तथा छात्र वर्ग की 12 टीमें भाग लेंगी और दो दिनों तक रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे।प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सिंह सोलंकी ने आदर्श विद्या मंदिर परिसर में बनाए गए दोनों खेल मैदानों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग की मंशा है कि ठाामीण एवं दूर-दराज क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाए, ताकि वे आगे बढ़कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देती हैं।प्रतियोगिता के मैदान की तैयारी और आयोजन व्यवस्था में व्याख्याता शारीरिक शिक्षा वीरेंद्र सिंह राजावत, हरीश पाठक, नरेंद्र बाबा, विक्रम सिंह, योगेंद्र सिंह, गब्बर, युधिष्ठिर, ओमप्रकाश डागुर, सुरेंद्र सिंह, तेज सिंह, देवेंद्र शर्मा, सतवीर, नवल सिंह सहित कई शिक्षक एवं सहयोगी जुटे हुए हैं। सभी ने मिलकर मैदान तैयार करने के साथ खिलाड़ियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## एलन ऑनलाइन के साथ आईआईटी जेइइ व नीट की तैयारी शुरू

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** नसिया कॉलोनी स्थित कुहू इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को अब देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं आईआईटी और नीट की उच्च स्तरीय तैयारी अपने ही शहर में उपलब्ध होगी।

इस उद्देश्य से विद्यालय ने देश के प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान एलन ऑनलाइन के साथ शैक्षणिक सहयोग प्रारम्भ किया है। इस संबंध में गुरुवार को पुरानी अनाज मंडी स्थित फूड कोस्टा रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विद्यालय के निदेशक डॉ. हेमंत शर्मा ने मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि अब कुहू इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों को हाईब्रिज मोड में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी। इस मॉडल में विद्यालय की अनुभवी फैकल्टी द्वारा नियमित ऑफलाइन कक्षाएँ संचालित की जाएँगी, वहीं एलन की विशेषज्ञ फैकल्टी के उच्च स्तरीय वीडियो लेक्चर आधुनिक इंटरैक्टिव पैनल के माध्यम से विद्यार्थियों को दिखाए जाएंगे, जिन्हें विद्यालय के शिक्षक विस्तार से समझाकर विद्यार्थियों के सभी डाउट्स का समाधान करेंगे। डॉ. शर्मा ने विशेष रूप से बताया कि इस पहल का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य आर्थिक दृष्टि से कमजोर परिवारों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी का अवसर उपलब्ध कराना है। सामान्यतः आईआईटी जेईई और नीटकी कोचिंग बड़े शहरों में काफी महंगी होती है, जिसके कारण कई योग्य विद्यार्थी इससे वंचित रह जाते हैं। इसी सामाजिक सोच को ध्यान में रखते हुए ।स्स्म्छ व्दसपदम के साथ यह एम.ओ.यू. किया गया है, ताकि ऐसे विद्यार्थियों को भी अपने ही शहर में सामान्य स्कूल शुल्क में ही उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा तैयारी का अवसर मिल सके। डॉ. हेमंत शर्मा ने यह भी बताया कि यह संपूर्ण सुविधा विद्यार्थियों को विद्यालय की नियमित स्कूल फीस में ही उपलब्ध करवाई जाएगी और इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गंगापुर सिटी एवं आसपास के क्षेत्रों में अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी हैं, लेकिन बेहतर प्रतियोगी परीक्षा तैयारी के लिए उन्हें बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है, जो हर परिवार के लिए संभव नहीं होता। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कुहू इंटरनेशनल स्कूल ने यह पहल शुरू की है, ताकि विद्यार्थियों को अपने ही शहर में राष्ट्रीय स्तर की तैयारी का अवसर मिल सके। इस कार्यक्रम को तीन स्तरों पर संचालित किया जाएगा जिसमें कक्षा 6 से 10 के लिए फाउंडेशन प्रोग्राम, कक्षा 11 एवं 12 के लिए आईआईटी जेईई और नीट इन्टरग्रेटड प्रोग्राम, तथा 12वीं के बाद के विद्यार्थियों के लिए जेईई एवं नीट टारगेट बैच के माध्यम से शिक्षण कार्य संपन्न कराया जायेगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों को एनटीएसई, एसटीएसई जैसी विभिन्न राष्ट्रीय ओलम्पियाड तथा अन्य छात्रवृत्ति परीक्षाओं की तैयारी भी करवाई जाएगी।